RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



Bharatsamman.com Bharat samman Bharat Samman

हो जाओ सावधान

वर्ष-13 अंक-249 अम्बिकापुर, मंगलवार, 19 मार्च 2024 कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# भारत सम्मान

हो जाओ सावधान

## स्थापना दिवस उत्सव
## व प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह 2024

## मुख्य अतिथि

**श्री राम विचार नेताम**
कृषि एवं किसान कल्याण ,एसटी, एससी, ओबसी व अल्पसंख्यक विकास मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री श्याम बिहारी जायसवाल**
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा, शिक्षा, 20 सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े**
महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण विभाग मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

## विशिष्ट अतिथि

**श्री चिंतामणि महराज**
पूर्व संसदीय सचिव व विधायक

**श्री प्रबोध मिंज**
विधायक (विधनसभा क्षेत्र लुण्ड्रा)

**श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते**
विधायक (विधनसभा क्षेत्र प्रतापपुर)

**श्री रामकुमार टोप्पो**
विधायक (विधनसभा क्षेत्र सीतापुर)

**श्री राजेश अग्रवाल**
विधायक (विधनसभा क्षेत्र अंबिकापुर)

**अकील अहमद अंसारी**
असिस्टेंट प्रोफेसर (अंबिकापुर)

**प्रफुल्ल ठाकुर**
अध्यक्ष, रायपुर प्रेस क्लब

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS



# संपादकीय

## कितने पूर्व सीएम सांसद बनेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 370 सीट जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा इस बार पूरे देश में मजबूत नेताओं को चुनाव लड़ा रही है। प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहे नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्रियों को लोकसभा की टिकट दी गई है। आमतौर पर पूर्व मुख्यमंत्री सांसद बनते हैं और उनकी पार्टी की केंद्र में सरकार बनती है तो वे मंत्री भी बनते हैं। बहरहाल, भाजपा ने अभी तक 267 उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिसमें उसने आधा दर्जन पूर्व मुख्यमंत्रियों को मैदान में उतारा है। हालांकि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की टिकट भी कटी है लेकिन उनके बारे में पहले से अंदाजा था। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा को इस बार टिकट नहीं मिली है। पिछली बार चुनाव जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को फिर से झारखंड से टिकट दी गई है। हालांकि पिछली बार वे बहुत मामूली अंतर से चुनाव जीते थे। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल राज्यसभा सांसद हैं। इस बार पार्टी ने उनको लोकसभा चुनाव में उतारा है। ये दोनों पूर्व मुख्यमंत्री केंद्र सरकार में मंत्री हैं। इनके अलावा पांच और पूर्व मुख्यमंत्रियों को टिकट दी गई है। राज्यसभा सांसद और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब को पार्टी ने टिकट दिया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस बार चुनाव लड़ रहे हैं तो हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद ही मनोहर लाल खट्टर के नाम का भी ऐलान हो गया। उधर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को भी पार्टी ने चुनाव में उतारा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे त्रिवेंद्र सिंह रावत को भी इस बार लोकसभा की टिकट मिली है।

# सीएम साय ने भूपेश बघेल पर साधा निशाना, कहा -जो अपने कार्यकर्ताओं के नहीं हुए वे जनता के क्या होंगे



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि वे अपने अहंकार में कहते रह गए, मैं हूं तो भरोसा है. उनके कार्यकर्ता उनके मुंह पर ही कह रहे हैं, 5 साल हमारी सुनी ही नहीं गई. हमें प्रताड़ित किया गया.

सीएम साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने उनके धोखे को पहले ही पहचान लिया था और मोदी की गारंटी पर विश्वास अटूट रहा. जो अपने दरी उठाने वाले कार्यकर्ताओं के नहीं हुए वे जनता के क्या होंगे भला.

बता दें कि पूर्व सीएम और लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल राजनांदगांव चुनावी दौरे पर पहुंचे थे. जहां उनके पार्टी के नेता ने भरे मंच से ही अपनी भड़ास निकाली. ये तक कहने से उन्होंने गुरेज नहीं किया कि मेरी बाते यदि बुरी लगी हो तो मुझे पार्टी से निष्कासित कर दें.

कांग्रेस नेता और पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र दाऊ ने मंच से अपनी भड़ास निकालते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सामने कहा, पांच साल में कार्यकर्ताओं का काम और सम्मान नहीं हुआ. पांच साल एक ही नेता दिखा, आज वह गायब हो गया. पांच साल हम आपसे मिलने के लिए तरस गए.

## फूड्स प्रोसेसिंग मशीन लगाने के नाम पर 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**दुर्ग।** गुजरात की एक कंपनी द्वारा फूड्स प्रोसेसिंग मशीन लगाने के नाम पर अहिवारा के फैक्ट्री मालिक के साथ 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. पीड़ित के अनुसार रकम भेजने के बावजूद सही मशीन डिलीवर नहीं करने की भी शिकायत की गई है. इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने कंपनी के मालिक कन्हैया सिंह और प्रमोद सिंह के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है.

कंपनी के मालिकों ने फूड्स प्रोसेसिंग प्लांट में मापदंड के अनुसार चाही गई मशीनों का सप्लाई नहीं की. उसे पुरानी मशीनों की सप्लाई कर दी, जो उपयोग में नहीं है. इसके अलावा 40 लाख रुपए की मशीन अभी तक सप्लाई नहीं किए हैं. जब बची राशि 40 लाख रुपए की मांग करते हैं तो टालमटोल किया जा रहा है. अब 40 लाख रुपए गबन कर मारपीट की धमकी दे रहे हैं. नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि अहिवारा ग्राम पोटिया के अदिति ब्रदर्स घराना फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हरेन्द्र दुबे ने शिकायत की है. इसके अनुसार भारत सरकार की स्टार्ट अप इंडिया के तहत फूड्स प्रोसेसिंग प्लांट में मशीन लगानी थी. वर्ष 2022 में गुजरात अहमदाबाद की कंपनी के मालिक कन्हैया सिंह और प्रमोद सिंह से मशीन को लेकर सौदा हुआ था. इस मामले में 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत की गई है. मामले की जांच की जा रही है.

## युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर।** दुर्गा चौक अशोक नगर के पास अज्ञात व्यक्ति ने एक युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अनिता ध्रुव 40 वर्ष गोगांव पानी टंकी के पास रहती है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पति संतोष ध्रुव 42 वर्ष दुर्गा चौक अशोक नगर के तरफ गया था। तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसके फूल पैंट के जेब को चेक करने लगा। जिससे संतोष ध्रुव ने मना किया तो आरोपी ने हत्या करने के नियत से उसके पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# तेलुगु समाज ने डीआरएम पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप, रेल मंत्रालय से करेंगे शिकायत



**रायपुर।** तेलुगु समाज के प्रतिनिधियों के साथ डीआरएम की ओर से दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है. समाज ने आरोप लगाया है कि आंध्र-तेलुगु समाज का प्रतिनिधिमंडल आज डीआरएम संजीव कुमार से वन्दे भारत ट्रेन के संबंध में ज्ञापन देने पहुंचा था. वहां डीआरएम ने प्रतिनिधिमंडल से दुर्व्यवहार किया. उन्होंने प्रतिनिधियों से बदतमीजी करते हुए कहा कि आप लोगों को कोई काम धंधा नहीं है क्या?

डीआरएम के इस गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से आहत तेलुगु समाज के प्रतिनिधिमंडल ने निर्णय लिया है कि इसकी शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय, केंद्रीय रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से करेंगे. प्रतिनिधिमंडल में आंध्र एसोसिएशन, तेलुगु वेलफेयर सोसायटी, छत्तीसगढ़ रेड्डी संघम, आंध्र ब्राह्मण समाज, छत्तीसगढ़ तेलुगु अभ्युदय ब्राह्मण समाज, छत्तीसगढ़ तेलुगु समाज, छत्तीसगढ़ शिष्टकरनम एसोसिएशन सहित अनेक संगठनों के सदस्य शामिल थे. विदित हो कि छत्तीसगढ़ में तेलुगु समाज के लगभग 15 लाख से अधिक की जनसंख्या है.

# मेडिकल कॉलेज में मरीजों के परिजनों से हॉस्पिटल में प्रवेश के लिए रुपए लेने वाले तीन सुरक्षा गार्ड पर एफआईआर दर्ज



**रायगढ़।** कल 17 मार्च के दोपहर सोशल मीडिया पर संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में ईलाज के लिए भर्ती हुए मरीजों के अटेंडर/परिजनों से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में प्रवेश के लिए सिक्युरिटी गार्डों द्वारा रूपए लिये जाने का वीडियो वायरल हुआ था जिस पर संज्ञान लेते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर सिक्युरिटी गार्डों पर कार्यवाही के लिए कल शाम स्वास्थ्य निरीक्षक कमलेश कुमार साहू द्वारा थाना चक्रधरनगर में आवेदन दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा सिक्युरिटी गार्डों के अवैध उगाही संबंधी प्राप्त हुए आवेदन से पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आवेदन पत्र पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किये । थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 384, 418, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीकृत कर तत्काल अपने स्टाफ के साथ मेडिकल कॉलेज रवाना हुए और मौके पर पूछताछ कर हॉस्पिटल में निऱ्शुल्क प्रवेश व्यवस्था के विरूद्ध मरीजों के परिजनों से अनैतिक रूप से जबरन रूपयों की वसूली करने वाले बुंदेला सिक्युरिटिस बिलासपुर के तीनों सिक्युरिटी गार्ड आरोपी ङ्क (1) रविशंकर गौतम (2) ओम प्रकाश पटेल (3) शिवेंद्र शुक्ला सभी मेडिकल कॉलेज रायगढ़ को हिरासत में लेकर विधिवत गिरफ्तार किया गया है ।



# भरे मंच में पूर्व सीएम बघेल के सामने पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने निकाली भड़ास

## कहा- 5 साल में कार्यकर्ताओं का नहीं हुआ काम और सम्मान

**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है. सभी दल के नेता चुनावी प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं. इस दौरान पूर्व सीएम और लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल राजनांदगांव चुनावी दौरे पर पहुंचे. जहां उनके पार्टी के नेता ने भरे मंच से ही अपनी भड़ास निकाली. ये तक कहने से उन्होंने गुरेज नहीं किया कि मेरी बाते यदि बुरी लगी हो तो मुझे पार्टी से निष्कासित कर दें. बता दें कि कांग्रेस नेता और पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र दाऊ ने मंच से अपनी भड़ास निकालते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सामने कहा, पांच साल में कार्यकर्ताओं का काम और सम्मान नहीं हुआ. पांच साल एक ही नेता दिखा, आज वह गायब हो गया. पांच साल हम आपसे मिलने के लिए तरस गए.

# महादेव एप से कमाई में लग गई है बीजेपी साय सरकार और मोदी की नाकामी छिपाने कांग्रेस नेताओं पर बीजेपी करा रही है एफआईआर- पीसीसी चीफ



**रायपुर।** महादेव ऐप मामले में सियासत गरमा गई है. भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. इन सबके बीच पीसीसी चीफ बैज ने महादेव एप को लेकर भाजपा पर करारा हमला बोला है. पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर हुए एफआईआर को लेकर दीपक बैज ने कहा, भाजपा का डर है. मेरा तो आरोप है कि भाजपा महादेव ऐप से कमाई में लग गई है. साय सरकार और भाजपा नाकामी छिपाने कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर करा रही है. राजनीतिक प्रोपेगेंडा साफ दिख रहा है. चुनाव में ईंट का जवाब पत्थर से मिलेगा. आगे दीपक बैज ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी 5 संभागों में मंगलवार को कांग्रेस प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी. वहीं बाकी संभागों में अन्य नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस लेंगे. कांग्रेस की इस पीसी में इलेक्टोरल बॉन्ड पर कई खुलासे हो सकते हैं.

### राहुल गांधी के साथ खड़ा है आज पूरा देश

वहीं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज मुंबई से आज रायपुर लौट आए हैं. राजधानी पहुंचने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने न्याय यात्रा को पूरी तरह से सफल बताया. क्कष्टष्ट चीफ ने कहा कि राहुल गांधी के साथ आज पूरा देश खड़ा है. लोकसभा चुनाव की तैयारी भी जारी है. यात्रा का असर भी चुनाव में दिखेगा.

### ईवीएम के सहारे मोदी

ईवीएम पर उन्होंने कहा कि ईवीएम पर जो राहुल गांधी ने कहा है पूरी तरह से सच है. ईवीएम के सहारे ही भाजपा और पीएम मोदी हैं, लेकिन जनता कांग्रेस के साथ है. जनता ने ठान लिया है, देश में बदलाव तय है.

### बागियों ने अपनी गलती मान ली

निष्कासित कांग्रेस नेताओं की वापसी को लेकर पीसीसी चीफ ने कहा, कांग्रेस के बागियों ने अपनी गलती मान ली है. आरोप लगाने वाले पूर्व विधायकों ने माफी मांग ली. बहाली के साथ ही पार्टी में उनकी वापसी हो गई है. पार्टी में अनुशासन के साथ सब काम करेंगे.

# बर्फ की चादर से ढकी सड़कें : छत्तीसगढ़ में आंधी-बारिश के साथ जमकर गिरे ओले

**खैरागढ़/गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाह।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है. आज गौरेला, पेंड्रा, मरवाही, खैरागढ़ समेत कई जिलों में आंधी-बारिश के साथ जमकर ओले भी गिरे हैं. बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेंहू, सब्जी और आम की पैदावार प्रभावित होने की संभावना है. ओले से पक्षियों की भी मौत हुई है. बारिश के चलते लोगों को ?गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन बेमौसम बरसात से किसानों की दिक्कतें बढ़ गई है.

जीपीएम जिले में सोमवार की दोपहर अचानक मौसम बदला और तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई. जमकर ओला भी वृष्टि हुई. दानीकुंडी, मड़वाही, धरहर, ऐंठी सहित कई गांवों में इतनी अधिक ओलावृष्टि हुई कि चारों ओर जमीन की सतह बर्फ से ढक गई है. इससे पहले रविवार की शाम को भी काफी बारिश हुई थी, जिससे जन जीवन पर भी प्रभाव पड़ा था और काफी देर तक बिजली गुल होने की समस्या भी लोगों को उठानी पड़ी।.

उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने बारिश और ओला वृष्टि का पूर्वानुमान पहले ही बताकर अलर्ट जारी कर दिया था. कई इलाकों में जमकर हुए ओला वृष्टि के कारण खेत में खड़े गेंहू की फसल और सब्जी को नुकसान होने के साथ ही मुनगा





और आम की पैदावार पर काफी प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि ओला की मार से मुनगा के फूल और आम के बौर झड़ गए. अचानक ओला वृष्टि से बड़ी संख्या में पक्षियों की भी मौत हो गई है. वहीं तेज हवा के कारण बिजली की समस्या भी देखने को मिली. ग्राम मडवाही निवासी अनिल साहू और ग्राम ऐंठी के शिक्षक नरेन्द्र कुमार ने बताया कि दोपहर को बारिश के साथ जमकर ओला वृष्टि हुई. ओला इतना ज्यादा गिरा कि चारों ओर बर्फ ही बर्फ नजर आ रहे थे. इस प्राकृतिक आपदा से ग्रामीणों को काफी नुकसान पहुंचा है. बारिश और ओला वृष्टि के चलते तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है.

## रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर मे पड़ा जीएसटी का छापा

**रायपुर।** रायपुर रेलवे स्टेशन परिसर में जीएसटी ने छापा मारा है। जीएसटी की टीम ने सन शाइन कैटर्स और टू व्हीलर पार्किंग में रेड मारी है। फिलहाल दोनों ही जगहों पर अधिकारी जांच कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर रेलवे स्टेशन में संचालित सन शाइन कैटरर्स के स्टॉल के लाइसेंस फीस कैश में जमा किए जाने का मामला सामने आया था। इस फर्म का जीएसटी नंबर, जो छत्तीसगढ़ में लिया गया था वह 2017 से बंद है। बताया जाता है कि यहां कंपनी का कोई भी बैंक अकाउंट नहीं है और साथ ही इस फर्म के अलावा इनके परिवार की अन्य दर्जनों फर्म दुर्ग के अलावा पूरे देश में है। लेकिन रेलवे में इनका जुगाड़ होने के कारण रेलवे स्टेशन परिसर में उक्त फर्म फल-फूल रहा है और इसकी जांच भी अब तक नहीं हो रही है। यह भी बताया जा रहा है कि इस फर्म को पूर्व में जीएसटी की ओर से भी नोटिस जारी की गई थी। फिलहाल जांच जारी है।

## पुलिस ने कार से जब्त किया 7 लाख 95 हजार रुपये नगद

**जांजगीर चांपा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एफएसटी एसएसटी की टीम गठित की गई है। जो कि लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्यवाही के दौरान जिला पुलिस ने वाहन चेकिंग के लिए बनारी में लगाये गये प्वाइंट पर जांच के दौरान एक कार से एफएसटी की टीम ने 7 लाख 95 हजार रुपये जब्त किया है। जानकारी के अनुसार खोखरा गांव का रहने वाला अमित कुमार थवाईत कार से जा रहा था। जिसे रोककर पुछताछ की गई और उसकी गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसके पास से लाखो रूपये कैश मिला। कैश के संबंध में दस्तावेज की मांग की गई तो कार चालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज नहीं होने की बात कही गई। जिसके बाद पुलिस की टीम ने नगद जब्त कर लिया तथा कैश जीएसटी विभाग को भेजा दिया गया है।

# केबीसी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 3 आरोपी धनबाद, झारखण्ड से गिरफ्तार

## वीडियो कॉल के माध्यम से 25 लाख की लॉटरी लगने का झांसा देकर करते थे ठगी



**कोरिया।** केबीसी में 25 लाख रूपये की लॉटरी लगने का झांसा देकर डेढ़ लाख रूपये की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को बैकुंठपुर पुलिस ने झारखंड से गिंरफ्तार किया है। आरोपियों ने लगभग दो वर्ष पूर्व बैकुंठपुर के एक व्यक्ति को लॉटरी का लालच देकर ठगी की थी।

मिली जानकारी के अनुसार स्कूलपारा बैकुण्ठपुर के रहने वाले प्रार्थी सत्यम गुप्ता पिता रूद्र कुमार गुप्ता ने दिनांक 21 जुलाई 2022 को अपने साथ हुए धोखाधड़ी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक कोरिया को शिकायत पत्र दिया था। प्रार्थी ने अपने शिकायत बताया था कि दिनांक 3.06.2022 को प्रार्थी के मोबाईल में व्हाट्सअप कॉल के माध्यम से राणा प्रताप सिंह नामक व्यक्ति ने स्वयं को केबीसी डिपार्टमेन्ट से बैंक मैनेजर मुंबई का होना बताकर 25 लाख रूपये की केबीसी वाली लॉटरी निकलना बताया गया था एवं झांसा दिया कि केबीसी वाली लॉटरी लेने के लिए टैक्स के रूप में आपको पैसा जमा करना पड़ेगा। जिस पर प्रार्थी ने आरोपी अमित साव के खाते में 1,50,000 रूपये जमा करवाया गया। पुनः आरोपियों द्वारा दिनांक 10.06.2022 को कहा गया कि यदि 25 लाख रूपये रकम के लिए दस हजार रूपये और डालना पड़ेगा। प्रार्थी द्वारा और पैसा नही देने की बात कहने तथा अपना पैसा वापस मांगने पर उसके साथ गाली गलौज भी किया गया। मामले को पुलिस ने जांच में लिया तथा जाँच के दौरान सायबर सेल में आरोपियों की जानकारी खंगार्ली, जिससे पता चला की सभी आरोपीगण झरिया, धनबाद, झारखण्ड के है। जिसके पश्चात पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया के मार्गदर्शन में निरीक्षक विनोद पासवान, प्रभारी सायबर सेल के नेतृत्व में एक टीम को आरोपियों की पतासाजी कर उन्हें पड़कने के लिए दिनांक 16 मार्च 2024 को झरिया धनबाद रवाना किया गया था। अगले ही दिन दिनांक 17 मार्च को उक्त टीम ने इस प्रकरण के सभी 3 आरोपियों अमित साव पिता गोपाल साव उम्र 23 वर्ष निवासी टैक्सी स्टैंड, आकाश कुमार पिता दिनेश राम उम्र 24 वर्ष निवासी झरिया एवं मनीष कुमार सिंह पिता स्व.रामकुमार सिंह जाति भूमिहार उम्र 24 वर्ष निवासी झरिया को झरिया, धनबाद, झारखण्ड से गिरफ्तार कर बैकुंठपुर जिला कोरिया लाया गया है। मामलें में आरोपियों के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पायें जाने पर धारा 120(बी), 419, 420 भा.द.वि. एवं 66(डी) आईटी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



## अवैध परिवहन एवं उत्खनन मामले में 6 वाहन व 2 चेनमाउंटेन मशीन जप्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग, राजस्व तथा पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से केराकछार, करमंदा, बलौदा और बोरसी क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया। इस दौरान 6 वाहन व 2 चेनमाउंटेन मशीन जप्त किया गया है। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जॉच के दौरान जिले में बम्हनीडीह क्षेत्र अंतर्गत रेत खदान बोरसी में नियमों के अनियमितता पाए जाने के कारण 02 चैन माउंटेन मशीन को जप्त किया गया है तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है, इसके अतिरिक्त जिले में अवैध परिवहन करने वाले केराकछार क्षेत्र से खनिज रेत के 03 प्रकरण, करमंदा क्षेत्र से 02 प्रकरण तथा बलौदा क्षेत्र 01 के प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 06 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया कर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। सभी मामलों में अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# छत्तीसगढ़ से सटे राज्यों की सीमा पर चौकसी, 36 हजार कर्मी से होगी सुरक्षा



**रायपुर।** आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था की जाएगी। पड़ोसी राज्यों में जहां समन्वय के साथ सीमा की लगातार चौकसी होगी। वहीं प्रदेश में 36,000 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होगी। इसके लिए प्रदेश में 360 कंपनियों के सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। इनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) शामिल हैं। सोमवार को डीजीपी अशोक जुनेजा ने पुलिस मुख्यालय में पड़ोसी राज्यों के डीजीपी व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से अंतरराज्यीय समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में यह तय हुआ कि सभी पड़ोसी राज्य मिलकर अपनी सीमा पर चौकसी करेंगे और आपस में खुफिया सूचनाओं का अदान-प्रदान करेंगे।

### नक्सलियों पर नकेल कसने की भी बनी रणनीति

नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने तथा अपराधियों व नक्सलियों की नकेल कसने के लिए भी सभी पड़ोसी राज्य मिलकर अभियान चलाएंगे। बैठक में प्रदेश के डीजीपी अशोक जुनेजा समेत सरगुजा क्षेत्र के आइजी अंकित गर्ग व अन्य पुलिस पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र में क्रियाशील नक्सलियों की गतिविधियों, अवैध हथियार, नशीले पदार्थ, अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए समय पर खुफिया सूचना का अदान-प्रदान होगा। बैठक में सीमावर्ती राज्यों में सक्रिय नक्सली दस्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों में समन्वय स्थापित कर और सक्रिय अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट अथवा नाका सक्रिय करने पर प्रभावी रणनीति बनाई गई। चुनावी माहौल के बीच महादेव सट्टा पर सियासी संग्राम, भाजपा बोली- भ्रष्टाचार पर होगी कार्रवाई, कांग्रेस ने किया पलटवारचुनावी माहौल के बीच महादेव सट्टा पर सियासी संग्राम, भाजपा बोली- भ्रष्टाचार पर होगी कार्रवाई, कांग्रेस ने किया पलटवार

### अन्य राज्यों के ये रहे अधिकारी

ओडिशा से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डीजीपी ओडिशा अरुण कुमार सारंगी, निदेशक आसूचना एसके प्रियदर्शी, एडीजी अभियान एस देवदूत सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हुए। इसी तरह उत्तर प्रदेश से वाराणसी प्रक्षेत्र के एडीजी पीयूष मोरदिया व अन्य पुलिस अधिकारी समेत अन्य राज्यों के अधिकारी भी शामिल हुए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की सीमायें सात राज्यों अर्थात मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओड़िशा, झारखंड और उत्तर प्रदेश को छूती है। सभी राज्यों से लगातार संपर्क साधा जा रहा है।




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

# स्थान

समय- दोपहर 02 बजे

दिन- मंगलवार, दिनॉंक- 19/03/2024

रायपुर प्रेस क्लब भवन, मोती बाग रायपुर (छ.ग.)

# आयोजक

## कुमार जितेन्द्र

भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क

प्रधान कार्यालय

नेहरू नगर, डिगमा, अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)

प्रदेश कार्यालय

शंकर नगर सेक्टर- 1, रायपुर (छत्तीसगढ़)

मो. 94242 62547, 93038 90212




स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547